RETHINK EDUCATION
North Carolina Department of Public Instruction

# परिवार वालों के लिए घर पर एक मार्गदर्शिका

नॉर्थ कैरोलिना पब्लिक स्कूल्स (North Carolina Public Schools) में दूसरी कक्षा का सामाजिक विज्ञान

## विषय की रूपरेखा

साल के आखिर में, मेरा बच्चा ये सीख जाएगा कि...

- **यूनिट #1: व्यावहारिक विज्ञान (Behavioral Sciences)**
  - अमेरिका में विविधता का क्या मतलब है?
  - दुनिया भर की संस्कृतियों ने अमेरिकी संस्कृति को कैसे प्रभावित किया है?
  - विभिन्न सांस्कृतिक समूहों की मान्यताएँ और मूल्य संयुक्त राज्य अमेरिका में कला, संगीत, रीति-रिवाजों और परंपराओं में कैसे योगदान करते हैं?
  - किसी की अपनी संस्कृति और मूल्यों की समानताएँ और अंतर कैसे पहचानें?
  - Iroquois Tuscaroran लोगों ने अमेरिका को किस प्रकार प्रभावित किया है?
  - Cherokee जनजाति ने अमेरिका को कैसे प्रभावित किया है?

- **यूनिट #2: नागरिक शास्त्र और सरकार (Civics & Government)**
  - लोकतंत्र के सिद्धांतों का अमेरिकी सरकार के निर्माण में क्या योगदान है?
  - सरकार अमेरिकी लोगों की स्वतंत्रता और समानता की रक्षा कैसे करती है?
  - अमेरिकी सरकार की तीन शाखाएँ कैसे काम करती हैं?
  - अमेरिकी सरकार की तीन शाखाएँ में क्या समानताएँ और असमानताएँ हैं?
  - लोगों के विभिन्न समूह किस प्रकार स्वतंत्रता और समानता की वकालत करते हैं?

- **यूनिट #3: अर्थशास्त्र (Economics)**
  - प्रमुख आर्थिक शब्दावली के क्या मतलब हैं?
  - ज़रुरत बनाम इच्छा के संदर्भ में अभाव आर्थिक फ़ैसलों को कैसे प्रभावित करता है?
  - सप्लाई और डिमांड के संदर्भ में अभाव आर्थिक फ़ैसलों को कैसे प्रभावित करता है?
  - संसाधनों की उपलब्धता वस्तुओं के उत्पादन को कैसे प्रभावित करती है?
  - सीमित संसाधनों की उपलब्धता वस्तुओं के उत्पादन को कैसे प्रभावित करती है?

- **यूनिट #4: भूगोल-शास्त्र (Geography)**
  - एक पूर्ण स्थान (absolute location) क्या होता है और मैं अपनी लोकेशन के बारे में बताने के लिए इसका इस्तेमाल कैसे कर सकता हूँ?
  - पूर्ण स्थान (absolute location) क्या होता है और मैं इसे मैप और ग्लोब के साथ कैसे इस्तेमाल कर सकता हूँ?
  - सापेक्ष स्थान (relative location) क्या होता है?
  - हम किसी स्थान की पूर्ण और सापेक्ष स्थिति का पता कैसे लगा सकते हैं?
  - विभिन्न वातावरण अमेरिकी आबादी को कैसे प्रभावित करते हैं?

- वस्तुओं, लोगों और विचारों की आवाजाही ने अमेरिकी विकास को कैसे प्रभावित किया है?

- **यूनिट #5: इतिहास (History)**
  - किन ऐतिहासिक घटनाओं ने अमेरिका को प्रभावित किया है?
  - अमेरिका में मताधिकार आंदोलन का क्या प्रभाव पड़ा?
  - अमेरिका में लोग स्वतंत्रता और समानता की वकालत कैसे करते हैं?
  - कामकाजी महिला पारंपरिक महिला से किस प्रकार अलग है?
  - रोज़ी द रिवेटर ने प्रचार के ज़रिये अमेरिका को कैसे प्रभावित किया?

**क्या आप जानना चाहते हैं कि North Carolina में किंडरगार्टन के गणित के लिए विशिष्ट मानक क्या हैं?**
और ज़्यादा जानकारी के लिए **North Carolina मानक अध्ययन पाठ्यक्रम** देखें। इस पाठ्यक्रम के अंत में छात्रों को क्या करने में सक्षम होना चाहिए, क्या आप इसके बारे में अतिरिक्त जानकारी ढूँढ रहे हैं? इस **NC DPI के अनपैक्ड कंटेंट्स डॉक्यूमेंट्स** को देखें जो पाठ्यक्रम मानकों के अनुरूप हैं।

# प्रमुख शब्दावली

| विज़ुअल | शब्द | परिभाषा |
|---|---|---|
|  | **संस्कृति** | लोगों के समूहों के लिए जीवन का तरीका |
|  | **विविधता** | विभिन्न प्रकार की असमानताएँ |
|  | **आप्रवासी** | एक व्यक्ति जो किसी दूसरे देश में रहने के लिए आता है |
|  | **संस्कृति** | लोगों के समूहों के लिए जीवन का तरीका |

| विजुअल | शब्द | परिभाषा |
|---|---|---|
|  | **संस्कृति हिमशिला** | एक मॉडल जो बताता है कि संस्कृति के कुछ हिस्से आप देख सकते हैं और संस्कृति के कुछ हिस्से आप नहीं देख सकते |
|  | **हर्लेम पुनर्जागरण** | अमेरिकी इतिहास में समय की एक अवधि जिसमें अफ्रीकी अमेरिकियों ने संगीत, लेखन और कला के माध्यम से अपनी संस्कृति को साझा करके अपने जीवन का तरीका विकसित किया |
|  | **वैल्यू** | कोई चीज़ कितनी ज़रूरी या मूल्यवान है |
|  | **मान्यता** | आप जिसे सच या वास्तविक मानते हैं |
|  | **साझा करना** | किसी के पास किसी ऐसी चीज़ का एक हिस्सा होना जो आपका भी है |
|  | **उपजाना** | पौधों को उगाने के लिए तैयार करना और इस्तेमाल करना |
|  | **व्यापार** | वस्तुओं और सेवाओं की खरीद व बिक्री |

| विज़ुअल | शब्द | परिभाषा |
|---|---|---|
|  | **Iroquois Tuscarora जनजाति** | North Carolina की एक मूल अमेरिकी जनजाति जो अपने रोपण, शिकार और औषधियों के लिए जानी जाती है |
|  | **Cherokee** | लोगों का एक अमेरिकी भारतीय समूह जिनकी उत्पत्ति Tennessee और North Carolina से हुई थी |
|  | **रिवाज़** | एक गतिविधि या व्यवहार करने का एक तरीका |
|  | **प्रभावित करना** | किसी के व्यवहार पर प्रभाव डालना |
|  | **सरकार** | नियमों और उन लोगों का एक सिस्टम जो उन्हें बनाते और लागू करते हैं |
|  | **प्रजातंत्र** | जनता द्वारा चलाई जाने वाली सरकार |
|  | **आज़ादी की घोषणा** | संयुक्त राज्य अमेरिका का संस्थापक दस्तावेज़ जिसने ग्रेट ब्रिटेन से स्वतंत्रता की घोषणा की |
|  | **बहुमत नियम** | एक समूह में आधे से ज़्यादा लोग किसी न किसी तरह के समझौते पर पहुँचते हैं |
|  | **गणतंत्रवाद** | सरकार जो समुदाय, सभी लोगों की सामान्य भलाई के लिए नागरिकों की भागीदारी पर ज़ोर देती है |

| विजुअल | शब्द | परिभाषा |
|---|---|---|
|  | **स्वतंत्रता** | चुनाव करने की क्षमता |
|  | **समानता** | समान व्यवहार किए जाने की अवस्था या भाव |
|  | **अधिकार** | लोगों को प्राप्त कानून द्वारा संरक्षित स्वतंत्रताएँ |
|  | **संविधान** | अमेरिकी राष्ट्र के कानून |
|   | **अधिकारों का विधेयक** | अमेरिकी संविधान के पहले 10 संशोधन |
|  | **कार्यकारी शाखा** | सरकार की वो शाखा जो कानूनों को लागू करती है |
|  | **विधायी शाखा** | सरकार की वो शाखा जो कानूनों को बनाती है |
|  | **न्यायिक शाखा** | सरकार की वो शाखा जो कानूनों का मूल्यांकन करती है |
|  | **चेक और बैलेंस (नियंत्रण और संतुलन)** | एक सिस्टम जो प्रत्येक शाखा को ये सुनिश्चित करने में मदद करता है कि अन्य शाखाएँ ज़्यादा शक्तिशाली नहीं हैं |
|  | **अधिकारों का विभाजन** | सरकार की प्रत्येक शाखा की शक्ति अलग-अलग होती है |

| विजुअल | शब्द | परिभाषा |
|---|---|---|
|  | **बहिष्कार** | बदलाव लाने के लिए कुछ करने से इंकार करना |
|  | **विरोध** | उस समूह के कार्य जो बदलाव देखना चाहते हैं |
|  | **नागरिक आधिकार** | किसी राष्ट्र में सभी लोगों को दिए गए अधिकार |
|   | **मताधिकार आंदोलन** | महिलाओं के वोट देने के अधिकार की लड़ाई |
|   | **याचिका** | बदलाव लाने के लिए कई लोगों द्वारा हस्ताक्षरित लिखित माँगें |
|  | **अभाव** | कम सप्लाई |
|  | **आर्थिक फ़ैसले** | संपत्ति बनाने के लिए लिए गए फ़ैसले |
|  | **चीज़ें** | वो चीज़ें जिन्हें खरीदा और बेचा जा सकता है |
|  | **उपलब्धता** | कुछ मिलने की संभावना |
|  | **संसाधन** | प्राकृतिक और मानव-निर्मित चीज़ें जिनके लिए लोग भुगतान करते हैं |

| विजुअल | शब्द | परिभाषा |
|---|---|---|
|  | **प्राकृतिक संसाधन** | प्रकृति से हम जिन चीज़ों का इस्तेमाल करते हैं |
|  | **सेवाएँ** | वे कार्य जिनके लिए उपभोक्ता भुगतान करते हैं |
|  | **ज़रुरतें** | वो चीजें जो हम जीवित रहने के लिए खरीदते हैं |
|  | **इच्छाएँ** | वो चीजें जो हम खुश रहने के लिए खरीदते हैं |
|  | **खर्च करना** | जब पैसे का इस्तेमाल खरीदारी करने के लिए किया जाता है |
|  | **सप्लाई** | किसी प्रोडक्ट की वो मात्रा जो उपलब्ध है |
|  | **डिमांड** | उन लोगों की संख्या जो कोई प्रोडक्ट को खरीदना चाहते हैं |
|  | **धूलकटोरा** | 1930 के दशक का वो सूखा जिसके कारण फ़सल का नुकसान हुआ था |
|  | **विश्वव्यापी मंदी** | आर्थिक संघर्ष का एक दशक |
|  | **महामारी** | एक वैश्विक महामारी जिसके कारण सप्लाई में कमी आई |

| विजुअल | शब्द | परिभाषा |
| --- | --- | --- |
|  | **समय** | एक सीमित संसाधन जिसका लोगों को समझदारी से इस्तेमाल करना चाहिए |
|  | **कच्चा माल** | सीमित संसाधन जिनका इस्तेमाल उन चीज़ों को बनाने के लिए किया जाता है जिन्हें लोग चाहते हैं और जिन्हें खरीदने की ज़रुरत है। |
|  | **पैसा** | वो सीमित संसाधन जिसका इस्तेमाल अर्थव्यवस्था को चलाने के लिए किया जाता है |
|  | **भूमि** | एक सीमित संसाधन जिसका इस्तेमाल जीवनयापन और काम करने के लिए किया जाता है |
|  | **श्रम** | लोगों के काम करने की उनकी सीमित क्षमता जिसके लिए भुगतान किया जाता है |
|  | **जगह** | वो जगह जहाँ कोई चीज़ स्थित हो |
|  | **पूर्ण स्थान** | पृथ्वी पर एक सटीक बिंदु जहाँ कुछ स्थित हो |
|  | **पता** | पृथ्वी पर वो जगह जहाँ कोई रहता है |
|  | **मैप** | पृथ्वी का एक चित्र |

| विजुअल | शब्द | परिभाषा |
| --- | --- | --- |
|  | **ग्लोब** | पृथ्वी का एक गोलाकार प्रतिनिधित्व |
|  Noun प्रोजेक्ट से Gonzalo Bravo द्वारा बनाया गया | **देशांतर की रेखाएँ** | काल्पनिक रेखाएँ जो पृथ्वी के चारों ओर पूर्व से पश्चिम की ओर जाती हैं |
|  Noun प्रोजेक्ट से Gonzalo Bravo द्वारा बनाया गया | **अक्षांश रेखाएँ** | काल्पनिक रेखाएँ जो पृथ्वी के चारों ओर उत्तर से दक्षिण की ओर जाती हैं |
|  Noun प्रोजेक्ट से Jems Mayor द्वारा बनाया गया | **प्रमुख देशान्तर रेखा** | एक काल्पनिक रेखा जो पृथ्वी को पूर्वी और पश्चिमी गोलार्ध में विभाजित करती है |
|  PenSmasher द्वारा बनाया गया | **भूमध्य रेखा** | एक काल्पनिक रेखा जो पृथ्वी को उत्तरी और दक्षिणी गोलार्ध में विभाजित करती है |
|  | **सापेक्ष स्थान** | अन्य स्थानों के संबंध में स्थानों के बारे में बताता है |

| विज़ुअल | शब्द | परिभाषा |
|---|---|---|
|  | **कम्पास रोज़** | एक चिन्ह जो आपको मैप पढ़ने में मदद करता है। इस पर लगे तीर दिशाओं की ओर इशारा करते हैं |
|  | **बुनियादी दिशाएँ (कार्डिनल डायरेक्शन्स)** | कम्पास रोज़ पर चार बिंदु: उत्तर, पूर्व, दक्षिण और पश्चिम |
|  | **बस्ती** | वो जगह जहाँ लोग एक साथ रहकर काम करते हैं। कभी-कभी वे बड़े होते हैं और कभी-कभी वे छोटे होते हैं। |
|  | **भू-आकृति** | पृथ्वी की भूमि के विभिन्न आकार |
|  | **पहाड़** | किसी क्षेत्र से ऊँचा उठा हुआ। खड़ी भुजाएँ और एक शिखर हो सकते हैं। एक प्रकार की भू-आकृति। |
|  | **नदी** | मीठे पानी का एक लंबा, गतिशील पिंड। एक प्रकार की भू-आकृति |
|  | **मैदान** | ज़्यादातर समतल भूमि। एक प्रकार की भू-आकृति। |
|  | **गति** | सामान, लोग और विचार एक जगह से दूसरी जगह तक जैसे जाते हैं |

| विज़ुअल | शब्द | परिभाषा |
|---|---|---|
|  | **आयात** | दूसरे देश में माल लाना |
|  | **निर्यात** | दूसरे देश में माल भेजना |
|  | **गृह युद्ध** | उत्तरी अमेरिका और दक्षिणी अमेरिका के बीच लोगों पर कब्ज़ा करने और उन्हें काम करने के लिए बाध्य करने के अधिकार को लेकर लड़ा गया युद्ध |
|  | **श्रम** | किसी चीज़ का उत्पादन करने के लिए काम करना |
|   | **अलगाव** | लोगों को उनकी त्वचा के रंग के आधार पर अलग करना |
|  | **एकीकरण** | मिलाना और एक साथ लाना |
|   | **लिंग भूमिका** | आपसे आपके लिंग के आधार पर एक निश्चित तरीके से कार्य करने की अपेक्षा |
|  | **पारंपरिक महिला** | एक ऐसी महिला जो वह भूमिका निभाती है जो समाज एक महिला से अपेक्षा करता है जैसे कि खाना बनाना, साफ़-सफ़ाई करना और अपने बच्चों की देखभाल करना |

| विज़ुअल | शब्द | परिभाषा |
|---|---|---|
|  | **कामकाजी महिला** | एक महिला जो घर पर रहने के बजाय काम पर जाती है |
|   | **रोज़ी द रिवेटर** | द्वितीय विश्व युद्ध के लिए युद्ध की सामग्री बनाने में मदद करने वाली फ़ैक्टरियों में महिलाओं को काम करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए अपनी मांसपेशियों को फ़ैलाती हुई एक महिला फ़ैक्टरी कर्मचारी का एक मशहूर पोस्टर। |
|  | **प्रचार** | जानकारी वितरित करने के लिए संचार का एक रूप |

# क्रिया द्वारा सीखना: कक्षा स्तरीय कौशल

## कक्षा स्तरीय कौशल के उदाहरण



***दुनिया भर की संस्कृतियों ने अमेरिकी संस्कृति को कैसे प्रभावित किया है?***

जिन तरीकों से लोग अपने विशेष समूह को जीवन के विभिन्न तरीके दिखाते हैं उनमें से एक तरीका उनकी संस्कृति है। कभी-कभी हम देखते हैं कि लोग कुछ जन्मदिनों को अलग-अलग तरीकों से मनाते हैं। लोग एक-दूसरे से अलग कुछ चीजें भी खाते हैं। उनके जश्न मनाने और खाने का तरीका उनकी संस्कृति से काफ़ी प्रभावित है!



***संस्कृति क्या है?***

जब हम किसी समूह के लोगों की पहचान की बात करते हैं तो संस्कृति शब्द बहुत महत्वपूर्ण होता है। अमेरिका में विभिन्न संस्कृतियाँ लोगों के चलने, सोचने और कार्य करने के तरीके को प्रभावित करती हैं। संस्कृति का मतलब है लोगों के समूहों के लिए जीवन जीने का तरीका। आईये देखें कि लोगों की संस्कृति उनकी जीवनशैली को कैसे प्रभावित करती है।

**यूनिट #1: व्यावहारिक विज्ञान (Behavioral Sciences)**



***Iroquois Tuscaroran लोगों ने अमेरिका को किस प्रकार प्रभावित किया है?***

ऐसी बहुत सी चीज़ें हैं जिनके हम, अमेरिकी होने के नाते, आज इतने आदी हो गए हैं कि हमने वाकई में अन्य संस्कृतियों से अपना लिया है। Tuscarora जनजाति लोगों के उन समूहों में से एक है जिन्हें हम अपने जीवन के कुछ तरीकों के लिए धन्यवाद दे सकते हैं।
वे चिकित्सा, व्यापार, रोपण और शिकार की उन्नति में उनकी मदद के लिए जाने जाते हैं। Tuscarora जनजाति ने फ़सलों की खेती और उत्पादन का एक अनोखा तरीका बनाया, जिसका इस्तेमाल वे खाने और चिकित्सा के लिए करते थे!

**यूनिट #2: नागरिक शास्त्र और सरकार (Civics & Government)**




***लोकतंत्र क्या है?***

अमेरिकी सरकार एक लोकतंत्र है। इसका मतलब है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में रहने वाले सभी नागरिकों या लोगों को सरकार चलाने के तरीके में अपनी राय रखने का अधिकार है। अमेरिका को एक गणतंत्र भी माना जाता है। इसका मतलब

है कि संयुक्त राज्य अमेरिका के नागरिक अपने विचारों और राय को साझा करने और उन कानूनों को पारित करने में मदद करने के लिए मतदान करते हैं और प्रतिनिधियों का चुनाव करते हैं जिनसे वे सहमत हैं।
जो लोग चुने जाते हैं वे अमेरिकी राजधानी, वॉशिंगटन, D.C. में रहते हैं और काम करते हैं। ये सभी निर्वाचित अधिकारी संयुक्त राज्य कांग्रेस का हिस्सा हैं।




***सरकार की तीन शाखाओं की व्याख्या करें।***

कार्यकारी शाखा - कार्यकारी शाखा राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, मंत्रिमंडल और राष्ट्रपति के कार्यकारी कार्यालय से बनी होती है। कार्यकारी शाखा का नेता संयुक्त राज्य अमेरिका का राष्ट्रपति बनता है।
विधायी शाखा - कांग्रेस विधायी शाखा बनाती है। सीनेट (Senate) और प्रतिनिधि सभा (House of Representatives) कांग्रेस के दो भाग हैं। सरकार की ये शाखा कानून बनाती है, लिखती है और उन पर वोट करती है।
न्यायिक शाखा - न्यायिक शाखा में सुप्रीम कोर्ट और अन्य अदालतें होती हैं। सुप्रीम कोर्ट में नौ सदस्य होते हैं जो न्यायाधीश कहलाते हैं। न्यायिक शाखा का सबसे अहम काम कानूनों का मूल्यांकन करना या उनकी जाँच करना है, ताकि मतलब समझा जा सके और ये सुनिश्चित किया जा सके कि कानून संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान के अनुसार मेल खाते हैं।




**स्वतंत्रता, समानता और अधिकारों की व्याख्या करें**

स्वतंत्रता विकल्प चुनने और वो करने की क्षमता है जो आप करना चाहते हैं, जब तक कि आपके कार्यों से दूसरों को ठेस न पहुँचे। सभी अमेरिकी लोगों को चुनाव करने की स्वतंत्रता है और वो स्वतंत्रता सरकार और निर्वाचित अधिकारियों द्वारा संरक्षित है।

समानता का मतलब है कि लोगों के साथ एक जैसा व्यवहार किया जाए, चाहे वे कैसे भी दिखते हों या कहीं से भी आए हों।

संविधान और स्वतंत्रता की घोषणा सहित संयुक्त राज्य अमेरिका के संस्थापक दस्तावेज़ों में समानता के महत्व पर चर्चा की गई। ये सुनिश्चित करने के लिए कि सभी अमेरिकी नागरिकों के साथ समान व्यवहार किया जाए, नियमों और कानूनों को लगातार बदला और लागू किया जाता है।

अधिकार उन नियमों या सिद्धांतों का एक समूह होता है जिनकी अनुमति हो। लोगों के पास कई तरह के अधिकार होते हैं। मानवाधिकार वो स्वतंत्रता है जिसके साथ सभी लोग पैदा होते हैं। मानवाधिकारों में स्वतंत्र व्यक्ति के रूप में जीने का अधिकार, आश्रय और खाना पाने का अधिकार और दुर्व्यवहार न करने का अधिकार शामिल है। ये अधिकार सभी मनुष्यों के पास हैं सिर्फ इसलिए कि वे मनुष्य हैं। नागरिक अधिकार वे स्वतंत्रताएँ हैं जो किसी सरकार के नागरिकों को प्राप्त हैं। सरकार के ये अधिकार तय कर सकते हैं कि कौन वोट दे सकता है, कौन संपत्ति खरीद सकता है, या कौन शिक्षित हो सकता है।

**यूनिट #3: अर्थशास्त्र (Economics)**




***इच्छाओं और ज़रूरतों के बारे में स्पष्ट करें।***

लोग अपने पैसे का इस्तेमाल संसाधन खरीदने के लिए करते हैं। संसाधन वे चीज़ें हो सकते हैं जिनकी लोगों को ज़रुरत होती है, जैसे खाना, पानी और आश्रय। संसाधन वे चीज़ें भी हो सकते हैं जो लोग चाहते हैं, जैसे सेल फ़ोन, खिलौने और टेलीविज़न।
कुछ सामान वे चीज़ें हैं जिनकी लोगों को ज़रुरत होती है, जैसे स्वस्थ खाना, वाहन, फ़र्नीचर, खिलौने, कंप्यूटर, आदि। अन्य सामान वे चीजें हैं जो लोग चाहते हैं, जैसे गेम और टैबलेट।




***बताएँ कि अभाव लोगों द्वारा अपनी ज़रूरत और चाहत की चीज़ें खरीदने के तरीकों को कैसे प्रभावित करता है।***

अभाव का मतलब है कि कोई प्रोडक्ट पर्याप्त मात्रा में नहीं है। अभाव सप्लाई और डिमांड के कॉन्सेप्ट को प्रभावित कर सकता है। सप्लाई उपलब्ध प्रोडक्ट की मात्रा है। डिमांड उन लोगों की एक संख्या है जो कोई प्रोडक्ट चाहते हैं।




***बताएँ कि सप्लाई और डिमांड क्या हैं।***

सप्लाई और डिमांड के बीच कारण और प्रभाव का संबंध है। अगर सप्लाई ज़्यादा है और डिमांड कम है, तो इसका मतलब है कि प्रोडक्ट चाहने वाले लोगों की संख्या से ज़्यादा प्रोडक्ट उपलब्ध है। इसकी वजह से अक्सर स्टोर और विक्रेता उस प्रोडक्ट की कीमत कम कर देते हैं जो उपभोक्ता नहीं चाहते हैं। अगर सप्लाई कम है और डिमांड ज़्यादा है, तो इसका मतलब है कि उन सभी उपभोक्ताओं के लिए प्रोडक्ट पर्याप्त नहीं है जो उसे खरीदना चाहते हैं। इसकी वजह से अक्सर स्टोर और विक्रेता उस प्रोडक्ट की कीमत बढ़ा देते हैं जो उपभोक्ता चाहते हैं।

**यूनिट #4: भूगोल-शास्त्र (Geography)**




***एक ग्लोब क्या होता है?***

ये एक ग्लोब है। ग्लोब पृथ्वी का एक गोलाकार प्रतिनिधित्व करता है। आप अपना पूर्ण स्थान जानने के लिए ग्लोब का इस्तेमाल कर सकते हैं।




ग्लोब का फ़ोटो photosforclass.com से आया है

***अअक्षांश रेखाओं की व्याख्या कीजिए।***

ये काल्पनिक रेखाएँ हैं जो उत्तर से दक्षिण की ओर चलती हैं। भूमध्य रेखा प्रारंभिक बिंदु है। इसका माप 0° है। वे भूमध्य रेखा के उत्तर या दक्षिण से किसी स्थान की दूरी मापने में मदद करती हैं। भूमध्य रेखा के उत्तर की ओर जाने वाली रेखाओं के आखिर में एक N होता है। भूमध्य रेखा के दक्षिण की ओर जाने वाली रेखाओं के आखिर में एक S होता है।



***उपनिवेशवादी अमेरिका क्यों आए थे?***

उपनिवेशवादी कई कारणों से आए थे। जैसे, नए तरह के जीवन का मौका, ज़मीन का मालिक बनना, धार्मिक स्वतंत्रता। पूर्वी तट पर कई औपनिवेशिक कस्बे और शहर स्थापित किए गए। उनमें से कुछ कस्बे हैं: बॉस्टन, MA फ़िलाडेल्फ़िया,

PA, न्यूयॉर्क, NY, विल्मिंगटन, NC. पानी के नज़दीक होना ज़रूरी था क्योंकि इससे माल का आयात और निर्यात करना आसान था।

**यूनिट #5: इतिहास (History)**



***गृह युद्ध किसे कहते हैं?***

हमारे इतिहास में एक समय था जब दुनिया आपकी त्वचा के रंग के आधार पर विभाजित थी। अफ़्रीकी अमेरिकियों की त्वचा का रंग गहरा था और उनके साथ गलत व्यवहार किया जाता था। इस दौरान लोग अफ़्रीकी अमेरिकियों को बिना किसी वेतन के काम करने के लिए मजबूर करने में सक्षम थे। ये काम बहुत क्रूर और बहुत मुश्किल था। अमेरिका दो टुकड़ों में बंट गया था। उत्तरी क्षेत्र वालों को लगा कि ये विचार ग़लत है। दक्षिणी क्षेत्र वालों को लगा कि ये विचार सही है! ऐसे बहुत से लोग थे जो विरोधी पक्ष को अपनी सोच से सहमत कराने के लिए दोनों पक्षों से लड़े। इस लड़ाई को आखिरकार "द सिविल वॉर" यानी गृह युद्ध का नाम दिया गया। इस युद्ध, और इसमें शामिल लोगों ने अमेरिका को वो आकार देने में मदद की जो वो आज है!




***महिला मताधिकार आंदोलन की व्याख्या करें।***

समान अधिकारों की लड़ाई सिर्फ़ नस्लों के बीच नहीं, बल्कि लिंगों के बीच भी हुई। हमारे इतिहास में एक समय पर महिलाओं को पुरुषों के बराबर नहीं माना जाता था। जितने भी कानून और नियम बनाए गए थे, वे सभी पुरुषों के बीच तय किए गए थे। महिलाओं को वोट देने की अनुमति नहीं थी। जिन फ़ैसलों का पालन उनसे कराया जाता था उनमें महिलाओं की कोई भूमिका नहीं थी। ऐसी बहुत सी महिलाएँ थीं जो खड़ी हुईं और सभी महिलाओं के अधिकारों के लिए लड़ने का बीड़ा उठाया। इस आंदोलन को "महिला मताधिकार आंदोलन" नाम दिया गया।

RETHINK EDUCATION
North Carolina Department of Public Instruction

***अमेरिका में लिंग भूमिकाओं की व्याख्या करें।***

आज के समय में महिला और पुरुष दोनों ही रोज़ाना काम पर जाते हैं। क्या आप जानते हैं कि एक समय था जब केवल पुरुष ही काम करते थे और महिलाएँ घर और बच्चों की देखभाल के लिए घर पर ही रहती थीं? ये अमेरिका में लैंगिक भूमिकाएँ थीं। ये सब तब बदल गया जब अमेरिका ने द्वितीय विश्व युद्ध में प्रवेश किया और लोग युद्ध में लड़ाई के लिए चले गए। महिलाओं ने अपनी पारंपरिक भूमिकाओं से बाहर निकलना शुरू कर दिया और एक महिला की ज़िम्मेदारी पर दृष्टिकोण बदलना शुरू कर दिया।

# संसाधन

आपके बच्चे की शिक्षा में मदद करने के लिए लिंक और ऑनलाइन संसाधन।

- ज़रूरतें और इच्छाएँ-ज़रूरतें और इच्छाएँ के बारे में वीडियो देखें और छात्रों के साथ चर्चा करें। छात्रों को इस बेहद ज़रूरी चर्चा में शामिल करने के लिए जब वाचक सवाल पूछता है तो वीडियो को रोक दें।
- खान अकादमी वीडियो-अभाव-अभाव के बारे में वीडियो देखें और छात्रों के साथ चर्चा करें। ये वीडियो बड़े छात्रों के लिए है, इसलिए शब्दों के मतलब पर चर्चा करने और विकासात्मक तरीके से उपयुक्त भाषा में विचारों को सारांशित करने के लिए बार-बार रुकें।
- PBIS विडियो-ज़रूरतों और इच्छाओं के बीच अंतर पर चर्चा करें, फ़िर खुशी देखें और सीखने में मदद के लिए शामिल किए गए सवाल को इस्तेमाल करें।
- हर्लेम पुनर्जागरण-वीडियो देखें और उन चीज़ों का एक चार्ट बनाएँ जो आपने हर्लेम पुनर्जागरण के बारे में सीखीं हैं।
- मूल अमेरिकी इतिहास-वीडियो देखें और एक PowerPoint बनाएँ जो दूसरों को मूल अमेरिकी इतिहास के बारे में सिखाए।
- LearnBright-लोकतंत्र के बारे में देखें और चर्चा करें।
- Ducksters:नागरिक आधिकार-छात्रों को नागरिक अधिकारों को समझने में मदद करने के लिए जानकारी का इस्तेमाल करें।
- Google Earth-पूर्ण और सापेक्ष स्थान या कस्बे/शहर और राज्य का पता लगाने के लिए Google Earth का इस्तेमाल करें।
- मैप क्या होते हैं?-मैप्स का इस्तेमाल कैसे किया जाता है, इसके बारे में और ज़्यादा जानने के लिए छात्र एक छोटा-सा वीडियो देखेंगे।
- महिला मताधिकार-मतदान के अधिकार के लिए महिलाओं के आंदोलन के बारे में जानने के लिए जानकारी का इस्तेमाल करें।

RETHINK EDUCATION
North Carolina Department of Public Instruction

# घर-के लिए कनेक्शन्स

- मुझे बताएं कि आपने कौन सी नई जानकारी सीखी है।
- मुझे सरकार की तीन शाखाओं के बीच अंतर बताएं?
- मुझे बताएं कि ये जानकारी आपको क्या याद दिलाती है।
- मुझे बताएं कि अभी भी आपके कौन से सवालात बाकी हैं।
- मुझे बताएं कि आप सप्लाई और डिमांड के बारे में क्या जानते हैं।
- मुझे बताएं कि आपके हिसाब से हम इस विषय पर और ज़्यादा जानकारी कैसे प्राप्त कर सकते हैं।
- मुझे बताएं कि जब वीडियो गेम पहली बार मार्केट में आते हैं तो वे ज़्यादा महँगे क्यों होते हैं?
- मुझे विविधता का मतलब अपने शब्दों में बताएं।
- मुझे बताएं कि आप नागरिक अधिकार आंदोलन के बारे में क्या जानते हैं।
- मुझे अपने सबसे अच्छे दोस्त के घर का सापेक्ष स्थान बताएं।
- मुझे अपने स्कूल का पता बताएं।
- मुझे बताएं आपको क्या लगता है कि उपनिवेशवादी अमेरिका क्यों आए थे।

# प्रत्याशित चुनौतियाँ

छात्रों को गंभीर तरीके से सोचने और वे जो सीख रहे हैं उसके बारे में लिखने के लिए भी कहा जाएगा। हम कभी भी अपने बच्चों को संघर्ष करते हुए नहीं देखना चाहते, लेकिन ये सीखने की प्रक्रिया का एक अहम हिस्सा है। मुश्किल होने पर मदद करें और उत्साह बढ़ाएँ। अगर ज़रूरी हो तो अपने बच्चे के टीचर से संपर्क करें और मुश्किलें आने पर अपने बच्चे के साथ खुली बातचीत करें। अगर छात्र अड़चन महसूस कर रहे हैं और उन्हें ये पता न हो कि किसी मूल्यांकन, लिखित सवाल या काम के किसी हिस्से का जवाब कैसे दिया जाए, तो अपने छात्र के जवाब पढ़ें और उनकी सोच जानने के लिए उनकी बात सुनें। स्पष्ट करने वाले सवाल पूछें जैसे, "ये तुम्हें क्या याद दिलाता है?", "तुम ये कैसे जानते हो?", "तुम्हारे पास क्या सबूत हैं?"।

# अपने बच्चे के टीचर के साथ बातचीत करना

क्या अभी भी अड़चन महसूस कर रहे हैं? अपने बच्चे की शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए आप क्या कर सकते हैं, इस पर चर्चा करने के लिए अपने बच्चे के टीचर से संपर्क करें। कुछ प्रश्न जो आपकी चर्चा का मार्गदर्शन कर सकते हैं:

- आप मुझे अपने बच्चे की मदद करने के लिए किन संसाधनों का इस्तेमाल करने का सुझाव देंगे?
- आप मेरे बच्चे को कहाँ संघर्ष करते हुए देखते हैं? हम साथ मिलकर मदद के लिए क्या कर सकते हैं?
- मेरे बच्चे को घर पर क्या अभ्यास करना चाहिए?
- मेरे बच्चे को सीखने में मदद करने के लिए हम मिलकर क्या सामूहिक संदेश भेज सकते हैं?

**क्या तकनीकी मदद की ज़रुरत है?**
तकनीकी मदद के लिए अपने छात्र के होम स्कूल से संपर्क करें। डिवाइस का प्रकार (PC, Mac, Chromebook, आदि) और ब्राउज़र (Chrome, Firefox, Safari, आदि) शामिल करें।

## उद्धरण:

कॉर्न्स, आर. (2011) ग्लोब Pics4Learning. https://pics4learning.com/details.php?img=globe12.jpg

एनसाइक्लोपीडिया ब्रिटानिका, इंक. (n.d.). *हर्लेम पुनर्जागरण* एनसाइक्लोपीडिया ब्रिटानिका 24 फ़रवरी, 2023 को https://kids.britannica.com/kids/article/Harlem-Renaissance/353232 से लिया गया।

यूट्यूब। (3 अगस्त, 2020)। *बच्चों के लिए मूल अमेरिकी इतिहास | मूल अमेरिकियों के इतिहास पर एक अंतर्दृष्टिपूर्ण नज़र* यूट्यूब। 24 फ़रवरी, 2023 को https://www.youtube.com/watch?v=uxNDKlh-Vjo&t=1s से लिया गया।

Google. (n.d.). Google Earth. 7 फ़रवरी, 2023 को https://earth.google.com/web/ से लिया गया।

PBS & GBH एजुकेशनल फ़ाउंडेशन। (2023). स्टूडेंट होमपेज। PBS लर्निंग मीडिया। 7 फ़रवरी, 2023 को https://pbsnc.pbslearningmedia.org/student/ से लिया गया।

A&E टेलीविज़न नेटवर्क। (14 अक्टूबर, 2009). वोट देने के अधिकार के लिए लड़ने वाली महिलाएँ - इतिहास। History.com. 23 फ़रवरी, 2023 को https://www.history.com/topics/womens-history/women-who-fought-for-the-vote-1 से लिया गया।